# शैक्षिक सत्र 2015 – 2017 में
# उत्तर प्रदेष राज्य विष्वविद्यालयों एवं उनसे सम्बद्ध,
# सहयुक्त तथा घटक महाविद्यालयों में
# बी.एड. (द्विवर्षीय) पाठ्यक्रम में प्रवेष हेतु निर्देषिका

उत्तर प्रदेष षासन द्वारा सत्र 2015–2017 की राज्य स्तरीय संयुक्त प्रवेष परीक्षा बी0एड0 (द्विवर्षीय) 2015 आयोजित कराने का दायित्व लखनऊ विष्वविद्यालय, लखनऊ को प्रदान किया गया है। आदि गंगा–गोमती के पावन तट पर स्थित भगवान श्री राम के अनुज वीरवर लक्ष्मण द्वारा स्थापित लखनऊ अपनी गंगा–जमुनी के तहज़ीब के लिए विष्व विख्यात हैं। यहाँ के नवाबों की षान – मुग़लकालीन ऐतिहासिक इमारतें और बाग़ (भूल–भुलैया, इमामबाड़ा, रूमी दरवाजा, मकबरे, बारादरी इत्यादि) यहाँ की षोभा बढ़ाते है। वर्तमान में अम्बेडकर, लोहिया एवं जनेष्वर मिश्र पार्क पर्यटकों के आकर्षण के केन्द्र हैं। काकोरी, दिलकुषा, रेजीडेन्सी आदि विभिन्न स्थल 1857 की क्रांति के साक्ष्य हैं। मलिहाबादी आम, सफेदा एवं खरबूजे के साथ–साथ सामिष एवं निरामिष भोजन के लिए लखनऊ विख्यात है। लखनऊ में सूरदास लखनवी से लेकर उपन्यासत्रयी – भगवती चरण वर्मा, यषपाल एवं श्री लाल षुक्ल तक साहित्य की परंपरा विद्यमान है। महाकवि निराला, षिवानी, रमई काका, मजाज़ आदि कवियों ने अपनी कविताओं से यहाँ के साहित्यिक परिवेष को निखारा है। विख्यात मुद्रक गंगा पुस्तक माला, मुंषी नवल किषोर प्रेस ने यहाँ के साहित्य को विष्व में उकेरा है।

ऐसी पौराणिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक नगरी में लखनऊ विष्वविद्यालय की स्थापना सन् 1921 में हुई। लखनऊ विष्वविद्यालय को उसकी अकादमिक एवं षैक्षणिक गतिविधियों के लिए भारतवर्ष में विषेष स्थान प्राप्त है। भारत के राष्ट्रपति षंकर दयाल षर्मा, प्रसिद्ध वैज्ञानिक डा0 बीरबल साहनी, प्रसिद्ध समाजषास्त्री आचार्य नरेन्द्र देव, धुर्जटा प्रसाद मुखर्जी आदि ने यहाँ के षैक्षिक स्वरूप को गरिमा प्रदान की है। विख्यात हॉकी खिलाड़ी बाबू के0डी0सिंह, क्रिकेटर – सुरेष रैना, आर0 पी0 सिंह, इसी विष्वविद्यालय के छात्र रहे हैं।

द्विवर्षीय बी0एड0 प्रवेष परीक्षा 2015 को षुचितापूर्ण कराने के लिये लखनऊ विष्वविद्यालय दृढ़ संकल्प है। अभ्यर्थियों की सुविधा एवं पारदर्षिता हेतु बी0एड0 प्रवेष सम्बन्धी समस्त प्रक्रिया ऑनलाईन की गई है।

बी0एड0 द्विवर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेष के इच्छुक समस्त अभ्यर्थियों के प्रति हमारी
षुभकामनाएँ एवं मंगलकामनाएँ।

## आयोजक विश्वविद्यालयः लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।

अति महत्वपूर्ण – संयुक्त प्रवेश परीक्षा बी.एड. (द्विवर्षीय) 2015–2017 में सम्मिलित होने हेतु आवेदन **http://upbed.nic.in** वेबसाइट पर आनलाइन है।

## बी.एड. (द्विवर्षीय) प्रवेश परीक्षा 2015 से सम्बन्धित महत्वपूर्ण तिथियाँ

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ऑन लाईन आवेदन पंजीकरण की अंतिम तिथि | : **07 / 03 / 2015** (शनिवार) |
| 2. | परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि | : **09 / 03 / 2015** (सोमवार) |
| 3. | सम्पूरित आवेदन पत्र ऑन लाईन जमा (Submit) करने की तिथि | : **10 / 03 / 2015** (मंगलवार) |
| 4. | सम्पूरित आवेदन पत्र की हॉर्ड कापी स्पीड–पोस्ट / पंजीकृत डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि | : **15 / 03 / 2015** (रविवार) |
| 5. | प्रवेश परीक्षा की तिथि | : **25 / 04 / 2015** (शनिवार) |

* सम्पूरित आवेदन पत्र समन्वयक, राज्य स्तरीय संयुक्त बी.एड. (द्विवर्षीय) प्रवेश परीक्षा 2015–2017, जन्तु विज्ञान विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ – 226007 में स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक से मार्च 15, 2015 सायं 5:00 बजे तक पहुंचना अनिवार्य है। अन्तिम तिथि के पश्चात तथा अन्य माध्यमों से प्रेषित फार्म स्वीकार नही किये जायेंगे।

# महत्वपूर्ण निर्देश

1. प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन करने के पूर्व अर्हता सम्बन्धी निर्देशों को अवश्य पढ़ लें जो **http://upbed.nic.in** वेबसाइट पर उपलब्ध है।

2. **ऑनलाइन आवेदन पत्र को अन्तिम रूप से सबमिट (Submit) करने के उपरान्त प्रविष्टियों में संशोधन किसी भी दशा में स्वीकार्य नहीं है।**

3. अर्हता हेतु किसी भी त्रुटि के लिये आवेदक स्वयं उत्तरदायी होगा तथा इस सम्बन्ध में किसी तरह वाद की स्थिति मान्य नहीं होगी।

4. आवेदन पत्र के साथ कोई भी शैक्षिक प्रमाण पत्र एवं अतिरिक्त अंकों से सम्बन्धित प्रमाण पत्र संलग्न कर भेजने की आवश्यकता नहीं है। अभ्यर्थी को समस्त प्रमाण पत्र काउन्सिलिंग तथा महाविद्यालय में प्रवेश के समय मूल रूप में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

5. समस्त अभ्यर्थी भरे हुये **आनलाइन आवेदन पत्र के प्रिन्ट आउट की छायाप्रति** एवं उसकी **पंजीकरण संख्या** भविष्य में संदर्भ हेतु अपने पास सुरक्षित रखें।

6. आनलाइन आवेदन पत्र पर निर्धारित स्थान पर अपना **नवीनतम रंगीन अभिमुख फोटो** (Front Face) 35mmX45mm आकार में तथा **हस्ताक्षर अपलोड करना** अनिवार्य है। फोटोग्राफ अधिकतम 50 KB तथा हस्ताक्षर अधिकतम 20 KB की कम्प्यूटर फाईल (jpg format) होगी। साथ ही साथ आनलाइन आवेदन पत्र के प्रिंट आउट पर भी निर्धारित स्थान पर हस्ताक्षर होना अनिवार्य है। निर्धारित स्थान पर अभ्यर्थी को अपने बांये हाथ के अंगूठे का निशान लगाना अनिवार्य है। यदि अभ्यर्थी बायें हाथ का अंगूठा लगाने में असमर्थ है तो केवल दायें हाथ का अंगूठे का प्रयोग करें। ऐसा न होने पर आवेदन पत्र / अभ्यर्थन स्वतः निरस्त माना जायेगा।

7. प्रत्येक ऑनलाइन आवेदन पत्र पर कम्प्यूटर जनित 09 अंकों की एक संख्या अंकित है जो कि पंजीकरण संख्या है। जिसे बी.एड. प्रवेश हेतु भविष्य में किये जाने वाले पत्राचार के लिए सुरक्षित रखना अनिवार्य होगा। सभी पत्राचार निम्न पते पर किया जायेगाः

   **समन्वयक,**
   **राज्य स्तरीय संयुक्त प्रवेश परीक्षा बी.एड. (द्विवर्षीय) 2015,**
   **जन्तु विज्ञान विभाग,**
   **लखनऊ विश्वविद्यालय,**
   **लखनऊ – 226007.**

8. आनलाइन आवेदन पत्र की प्रक्रिया के पंचम चरण के अनुसार आवेदन पत्र पूरित करने के उपरान्त आवेदन पत्र के प्रिन्ट आउट को अभ्यर्थी उसे **समन्वयक, संयुक्त प्रवेश परीक्षा बी.एड. – 2015, जन्तु विज्ञान विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ–226007** के कार्यालय को **स्पीड पोस्ट** अथवा **पंजीकृत डाक** से इस प्रकार भेजे कि दिनांक **15 मार्च, 2015** तक प्रत्येक स्थिति में प्राप्त हो जाये। कोरियर से प्रेषित किये गये आवेदन पत्रों को किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जायेगा।

